आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 मई 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव में पांच चरण का चुनाव सम्पन्न हो जाने के बाद प्रत्याशियों ने छठें और सातवें चरण के मतदान के लिये पूरी ताकत झोंक दी है। सभी राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक जनसभायें, रैलियां और रोड–शो कर अपने–अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। छठें चरण का चुनाव प्रचार आज शाम थम गया। चुनाव प्रचार थमने से पहले अपने–अपने प्रत्याशी के पक्ष में सभी दलों के बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनसभा की और सम्पर्क कर वोट मांगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज संतकबीरनगर जिले में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित कर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पांच चरणों के चुनाव में ही भाजपा तीन सौ दस सीट का आंकड़ा पार कर चुकी है। विपक्षी गठबंधन को सिर्फ चालीस सीटें ही मिलती दिख रही है। उन्होंने विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाया। श्री शाह ने आज ही प्रतापगढ़ के पट्टी में आयोजित एक चुनावी जनसभा को भी सम्बोधित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने आज आजमगढ़ में रोड–शो कर भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ के पक्ष में वोट मांगा।

उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतापगढ़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने महंगाई, किसान, रोजगार और युवाओं के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि युवाओं को नौकरी न देनी पड़े, इसलिये सरकार पहले पेपर लीक करा रही है, उसके बाद परीक्षायें रद्द करा रही है। उन्होंने कहा कि जनता अबकी बार अपने वोट से भाजपा का हिसाब करने का मन बना चुकी है।

उधर, मिर्जापुर में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी किसी से गठबंधन न कर के अपने बल–बूते पर चुनाव लड़ रही है क्योंकि हमें अपनी जीत का भरोसा है। सुश्री मायावती ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई लगातार बढ़ी है और विपक्षी पार्टियां साम–दाम–दण्ड–भेद जैसी तमाम कोशिश के जरिये सत्ता में आना चाहती है।

****

लोकसभा चुनाव के पांच चरण के मतदान संपन्न हो जाने के बाद अब छठे और सातवे चरण के मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान को तेज कर दिया गया है। अंतिम दो चरणों के मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों में मतदान को प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा विविध अयोजन किये जा रहे हैं।

****

बुद्ध पूर्णिमा का पर्व प्रदेश के लगभग सभी जिलों में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में इस अवसर पर बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए हमारे प्रतिनिधि ने बताया–

आज प्रातः महापरिनिर्वाण स्थल से बुद्धम शरणम गच्छामि की गूंज के साथ धूमधाम से रथ यात्रा शुरू हुई, जो स्थानीय गांवों और नगर का परिभ्रमण कर संपन्न हुई। रथयात्रा में बौद्धभिक्षुओं तथा स्थानीय जनता के अलावा विदेशों से आए हुए बौद्ध धर्मावलम्बी भी भारी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर म्यांमार बौद्ध विहार में विविध कार्यक्रम किए गए। विश्व को शांति का पाठ पढ़ाने वाले उस अनन्य शांति दूत महात्मा बुद्ध का जन्म वैशाख पूर्णिमा के दिन नेपाल के लुंबिनी में हुआ था।।विवेक पाण्डेय,आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर

उधर, बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आज हापुड़ की तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट और अमरोहा के गंगाधाम तिगरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा पाठ कर भगवान से घर में सुख शांति की कामना की। वाराणसी में वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर नमामि गंगे की ओर से दशाश्वमेध घाट पर इस दौरान लोगों को गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वाराणसी के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान कर दान करने की परम्परा निभाई।

****

प्रदेश के अधिकांश पश्चिमी जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। गर्मी के कारण लोगों का जन–जीवन भी प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिये पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और आसपास के जिलों में तेज हवा के बीच गरज–चमक के साथ कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी तो कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा हुयी। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने की सम्भावना जतायी है।

****

गाजीपुर के नोनहरा रानीपुर में आज पंखे में करंट उतरने से मां–बेटी की मौत हो जाने की खबर है। दुर्घटना तब हुयी जब बेटी पंखे को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रही थी उस दौरान पंखे में करंट उतर आया। मां उसे बचाने गयी और वह भी करंट की चपेट में आ गयी। उधर, बदायूं जिले के कोतवाली क्षेत्र में करूआ पुल के पास एक रोडवेज की बस ने टैम्पो को टक्कर मार दी जिससे टैम्पो चालक और एक बच्चे की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में आठ लोगों के घायल होने की भी सूचना है।

****